प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 06.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव जयपुर में हो रही एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे हैं श्री वैष्णव ने कहा कि भारत एआई के उपयोग में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हैं उन्होंने राजस्थान में एआई डेटा सेंटर बनाने की घोषणा कीं वहीं केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने एआई को मानव जीवन में बडा बदलाव लाने वाला बताया हैं उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल आज बड़े पैमाने पर हर क्षेत्र में किया जा रहा हैं इससे क्षमता संवर्धन हो रहा हैं केन्द्र सरकार ने भारत एआई मिशन के लिए दस हजार करोड़ रूपये से भी अधिक का बजट रखा हैं ये मिशन एआई के उपयोग को बढावा देकर स्वास्थ्य कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने पर केन्द्रित हैं

.....

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सूचना और संचार मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ भी मौजूद हैं इस दौरान राजस्थान की एआई–एमएल नीति 2026 का भी अनावरण किया गयां राजस्थान डिजि फेस्ट टाई ग्लोबल समिट का समापन आज क्षेत्रीय एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के साथ हो रहा हैं

0000

राजस्थान युवा एवं खेल महोत्सव 2026 का आयोजन कल से किया जा रहा हैं युवा मामले और खेल विभाग की ओर से ये महोत्सव 12 जनवरी तक होगां इसका आयोजन जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में किया जा रहा हैं विकसित भारत–विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढाने के लिए ये उत्सव रखा गया हैं

0000

प्रदेश में नये साल पर हुई मावठ के बाद दिनोंदिन सर्दी का असर तेज होता जा रहा हैं आज 27 जिलों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहां डूंगरपुर, पाली और शेखवाटी अंचल में कई जगह शीतलहर का असर बना हुआ हैं मौसम विभाग ने 9 जनवरी तक कोहरे और शीतलहर का असर बने रहने की संभावना जताई हैं वहीं आज सीजन का अब तक का सबसे घना कोहरा देखने को मिलां कई इलाको में विजबिलिटी शून्य रहीं जयपुर, अजमेर, कोटा, हनुमानगढ़, बारां सहित कई जिलों में सुबह देर तक घनी धुंध छायी रहीं सीमावर्ती जिलों जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में भी कडाके की सर्दी और कोहरे से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा हैं परिवहन सेवायें प्रभावित हैं रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं वहीं जयपुर और उदयपुर में उड़ान संचालन गडबडाने की आशंका के कारण एयरलाईंस की ओर से यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई हैं राजधानी जयपुर में एयर

क्वालिटी भी बुरा प्रभाव पड रहा हैं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार शहर के अधिकतर इलाकों में एक्यूआई 200 के पार रिकॉर्ड किया गयां घने कोहरे और कडाके की सर्दी के प्रकोप को देखते हुए प्रदेश के बीस जिलों में 8वीं कक्षा तक स्कूलों में छुट्टियां घोषित की गई हैं

0000

पत्र सूचना कार्यालय की ओर से आज जयपुर में क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन आयोजित किया जा रहा हैं सम्मेलन में विभिन्न मीडिया समूहों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं इसमें विकसित भारत जी राम जी और चार नई श्रम संहिताओं पर प्रतिभागियों को जानकारी दी जा रही हैं राज्य में ग्रामीण विकास सचिव पुष्पा सत्यानी ने सम्मेलन के उदघाटन सत्र को संबोधित कियां

0000

मकर सक्रांति पर्व पर प्रदेश में पतंग उडाने की पुरानी परम्परा हैं इस उपलक्ष्य में कई जगह पतंगबाजी का दौर शुरू हो गया हैं इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से चाईनीज और सिंथेटिक मांझे की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई गई हैं ये धारदार मांझा मनुष्यों के साथ ही पशु पक्षियों के लिए भी अत्यंत खतरनाक हैं हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि प्रशासन की ओर से नागरिकों से सुरक्षित और वैध मांझे का उपयोग करने की अपील की जा रही हैं इसी कडी में ब्यावर में वाहन चालको की सुरक्षा के लिए वाहनों पर सेफ्टीगार्ड लगाये जा रहे हैं

.....

00000